# जे.डी.ए. के अफसरों की फटकार के बावजूद मूर्तिकला कॉलोनी में बन रही घटिया सड़क

## सिरसी रोड पर औचक निरीक्षण के दौरान मूर्तिकला व सिरसी नाडिया कॉलोनी में मिला था घटिया निर्माण कार्य



सिरसी रोड स्थित मूर्तिकला कॉलोनी में पिछले दिनों बनाई गई डामर रोड की खामियों को दुरस्त करने के लिए शुक्रवार को दुबारा डामरीकरण किया गया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सिरसी रोड पर मूर्तिकला कॉलोनी में बुधवार को घटिया सड़क बनाने को लेकर उपजा विवाद अभी थमा नहीं है। जेडीए के अफसरों को यहां निरीक्षण के दौरान घटिया काम मिला था। इसके बाद अधिकारियों ने ठेकेदार को सड़क निर्माण बंद करने का आदेश दे दिया था, लेकिन इसके बाद भी शुक्रवार को मौके पर काम जारी रहा। हालांकि अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार दुबे का कहना था कि पिछले दिनों सड़क की जांच में जो कमियां मिली थी, उसका सुधार करने के लिए कहा था, उसी के लिए शुक्रवार को मौके पर पुनः डामरीकरण का काम किया जा रहा था।

- **जेडीए के अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद और अन्य इंजीनियर्स ने मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांची थी, तब मौके पर रोडी में डामर की मात्रा कम थी और जीएसबी और डब्लूबीएम की क्वालिटी भी सही नहीं मिली थी, इसके बाद काम बंद करने के आदेश दे दिए थे।**
- **अधिशाषी अभियंता मनोज दुबे का कहना है कि पिछले दिनों सड़क निर्माण में जो-जो खामियां मिली थी, उन्हें दुरुरस्त करवाने के लिए शुक्रवार को कुछ दूरी में पुनः डामरीकरण करवाया है, आगे का काम फिलहाल रोक दिया है।**

दरअसल पिछले कई दिनों से मूर्तिकला कॉलोनी और सिरसी नाडिया कॉलोनी में घटिया सड़क निर्माण की शिकायतें जेडीए प्रशासन को मिल रही थी। इंजीनियरिंग निदेशक मनोज सोनी के निर्देश पर जेडीए के अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद रैगर और उनकी इंजीनियर्स की टीम मौके पर सड़क की क्वालिटी चैक करने पहुंची थी, जहां उनको सड़क निर्माण सामग्री की क्वालिटी घटिया मिली। रोडी में डामर की मात्रा कम थी और जीएसबी और डब्लूबीएम की क्वालिटी भी सही नहीं मिली। इसके बाद अधिकारियों ने सड़क निर्माण बंद करने के आदेश दे दिए थे। अधिकारियों की फटकार के कारण 2 दिन तक काम बंद रहा। इसके बाद गुरुवार और शुक्रवार को संबंधित फर्म पायोनियर प्लस ने पुनः घटिया सड़क बनानी शुरू कर दी। सड़क पर रोलर चलाने के बाद भी मौके पर डामर की मोटाई कम मिली। साथ ही कंक्रीट में डामर की मात्रा भी कम थी।

जबकि पिछले दिनों मौका निरीक्षण के बाद जोन 12 के अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद रैगर ने आदेश निकाले थे कि सड़क निर्माण का काम ड्रम मिक्स प्लांट से नहीं होगा, सिर्फ बैचमिक्स प्लांट से काम कराया जाएगा। अगर कोई ऐसा करता पाया गया तो उसका भुगतान नहीं होगा। इसके बाद भी मूर्तिकला कॉलोनी और सिरसी नाडिया कॉलोनी में धड़ल्ले से ड्रम मिक्स प्लांट से ही गाड़ियां आ रही है।

इसी प्रकार जोन-12 में जयपुर हैरिटेज स्कूल कुण्डा के पास भी सिरसी नाड़िया कॉलोनी में सड़क बनाने का काम चल रहा है। यहां पर भी जेडीए के अधिकारियों को घटिया काम की शिकायत मिली थी, जांच करने पर यहां भी गड़बड़ी मिली। जेडीए के अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद रैगर काम की क्वालिटी सुधारने और ड्रम मिक्स प्लांट से काम नहीं करने के आदेश दिए थे। इसके साथ ही रात को काम नहीं करने को कहा था। इन आदेशों के बाद भी सिरसी नाडिया कॉलोनी और मूर्तिकला कॉलोनी में डामर का काम जारी रहा।

# एस.एम.एस. अस्पताल में रोबोट की मदद से लिवर में बनी गांठ का सफल ऑपरेशन

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में पहली बार रोबोट से लिवर में बनी हाइडैटिड सिस्ट (गांठ) का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज ऑपरेशन के बाद पूरी तरह ठीक है और उसे छुट्टी दे दी गई।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सुमिता ए. जैन ने बताया कि मरीज पिछले एक महीने से पेट दर्द से परेशान थी। दो-तीन जगह दिखाने और दवाइयां लेने के बाद सही नहीं हुई। कुछ दिन पहले मरीज ने जब एसएमएस में दिखाया तो उसकी जांच की गई।

जांच में दिखा की मरीज के लिवर में इकाइनोकोकस नाम जीवाणु के इंफेक्शन से सिस्ट बन गई है, जिसे हाइडैटिड सिस्ट कहते है। ये सिस्ट लिवर में ऐसी जगह पर थी, जिसे सामान्य सर्जरी से बाहर निकालना आसान नहीं था।

लेपोस्कोपी से भी सर्जरी करने से कई तरह की कठिनाईयां आने की संभावना थी। इसके बाद मरीज की रोबोटिक मशीन से सर्जरी करने का निर्णय किया। रोबोट के जरिए हमने सबसे पहले सिस्ट के अंदर का सारा इंफेक्टेड फ्ल्यूड को बाहर निकाला। इसके बाद सिस्ट के अंदर मौजूद पैरासाइट को मारने के लिए सेवलोन सॉल्यूशन डाला गया। इसके बाद सिस्ट को डिरूफिंग कर दी गई। इस तरह पूरे ऑपरेशन के दौरान करीब डेढ़ से दो घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया कि मरीज ऑपरेशन के बाद पूरी तरह ठीक है उसे छुट्टी दे दी। डॉक्टर जैन ने बताया कि लिवर में इस तरह की सिस्ट को रोबोटिक मशीन के जरिए सर्जरी करके हटाने का ये राज्य में पहला केस है।

## हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत प्रताप नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक बदमाश को 7 नंबर चौराहा से एयरपोर्ट पास गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि प्रताप नगर पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूम रहे आरोपित राजेश कुमार मीना निवासी पिलौदा गंगापुर सिटी हाल जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# कोटा का अंतर्राज्यीय कुख्यात नकबजन जयपुर में गिरफ्तार

**जयपुर**। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कोटा के अन्तर्राज्यीय कुख्यात शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ पूर्व में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपी वारदात करने के समय रूप बदलने में माहिर और नशा करने का आदि है। आरोपी ने पूछताछ में आधा दर्जन से अधिक नकबजनी की वारदातों का खुलासा किया है और चोरी माल भी बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कोटा के अन्तर्राज्यीय कुख्यात शातिर नकबजन सादिक हुसैन निवासी कैथून जिला कोटा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित सादिक हुसैन बहुत ही शातिर व चालाक किस्म का नकबजन है और पुलिस थाना झोटवाड़ा द्वारा नकबजनी के मामलों में गिरफ्तार कर जेल जा चुका है। एक माह पूर्व जमानत होने के बाद में पुनः चोरी व नकबजनी की वारदातें करना शुरू कर दी।

# हॉस्टल में छात्र से रैगिंग

**जयपुर**। गांधी नगर इलाके में छात्र हॉस्टल में विद्यार्थी से "रैगिंग" का मामला सामने आया है। विरोध करने पर युवकों ने उसे थप्पड़ मारे और बंधक बनाकर बेल्ट से पीटने के बाद धक्के मारकर हॉस्टल से बाहर निकाल दिया। गांधी नगर थाने में पीड़ित छात्र ने सीनियर्स स्टूडेंट्स के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि जैसलमेर निवासी 19 वर्षीय छात्र ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह विवेकानंद बॉयज हॉस्टल में रहता है। गत 17 अक्टूबर को शाम करीब 4:30 बजे वह अपने रूम में सो रहा था। उसके दोनों रुम पार्टनर बाहर गए हुए थे। उसी समय सीनियर स्टूडेंट दिनेश गोदारा अपने 4-5 साथियों के साथ आए। नींद से उठाकर उसे गंदी शायरियां सुनाने को कहा, वह शायरी नहीं आने के कारण नहीं सुना पाया। गुस्साएं सीनियर दिनेश गोदारा ने उसे 3-4 चाटे मारे। गर्दन पकड़कर जबरदस्ती नीचे ग्राउंड फ्लोर पर ले आए। जहां पहले से रामरतन गोदारा और उसके 4-5 साथी खड़े हुए थे। रामरतन गोदारा ने उसे आंखें व गर्दन नीचे झुकने का निर्देश दिया। गर्दन व आंखे झुकाने से मना करने पर रामरतन गोदारा में उसकी गर्दन को पीछे से पकड़कर झुकाते हुए कहा कि इसे इसके रूम में ले चलो। वही सबक सिखाते है और ऐसा कहकर ये सब लोग मुझे जबरदस्ती उठाकर मेरे कमरे में आये, जहां रामरतन गोदारा ने अपना चमड़े का बेल्ट उतारकर तीन-चार बेल्ट पीठ, गर्दन व हाथ पर मारे। इनके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए थप्पड मारे। करीब 1 घंटे तक रुम में बंधक बनाकर टॉर्चर करते रहे। काफी देर बेइज्जत करने के बाद हॉस्टल से धक्के देकर बाहर निकाल दिया।

## झोटवाड़ा में निगम टीम ने किया निरीक्षण

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम के आयुक्त बाबूलाल गोयल के निर्देश पर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं उनकी टीम ने शुक्रवार को कांटा चौराहा झोटवाड़ा स्थित नारायण स्वीट ज्यूस आइसक्रीम प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को अनियमितताएं मिली। प्रतिष्ठान संचालक के पास कोई लाइसेंस नहीं था, जबकि नगर निगम द्वारा उसे कई बार नोटिस देकर लाइसेंस लेने को कहा गया था। ऐसे में शुक्रवार को प्रतिष्ठान का संचालन अनुज्ञा पत्र लाइसेंस नहीं लेने के कारण नियमानुसार 30 दिवस या आरएमए लाइसेंस प्राप्त करने (जो भी पहले हो) तक के लिये बंद कर दिया गया है।

# गैंगस्टर ने दूसरे गैंगस्टर से मांगी 50 लाख की रंगदारी, जान से मारने की धमकी दी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस के लिए नासूर बन चुका गैंगस्टर रोहित गोदारा एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। रोहित गोदारा ने इस बार एक पूर्व हिस्ट्रीशीटर को धमकाया है और 50 लाख रुपए की मांग की है। रंगदारी के रुपए नहीं देने पर कहा कि जान जाएगी, अगर पैसा नहीं आया तो, कोई नहीं बचा पाएगा यह तय मान लेना। अब इसकी सूचना पुलिस को दी गई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच बिंदायका थाना पुलिस कर रही है।

जानकारी के अनुसार बिंदायका इलाके में पारीकों का मौहल्ला इलाके में रहने वाले पूर्व एचएस कमलदीप मीणा को यह फोन किया गया है। कमलदीप उर्फ कमल मीणा ने पुलिस को बताया कि काफी समय से रोहित गोदारा परेशान कर रहा है। पहले भी उसकी शिकायत पुलिस को की थी तो वह कुछ दिन के लिए शांत हो गया था, लेकिन अब फिर से एक्टिव हो गया है। इस बार रोहित गोदारा ने कमल के धर्म भाई आमेर निवासी मुकेश को फोन कर कहा कि तेरा भाई कमल मेरा फोन नहीं उठा रहा है, उसे बोल दे फोन उठा ले और पचास लाख रुपए पहुंचा दे, नहीं तो उसकी मौत निश्चित है, उसे कोई नहीं बचा सकता। आखिर जब कमल ने फोन उठाया तो उससे भी पचास लाख रुपए की मांग की गई है। कमलदीप ने पुलिस को बताया कि साल 2018 में ओमी मीणा नाम के एक शख्स की हत्या हो गई थी और उसमें कमलदीप का नाम भी हत्या करने वालों की सूची में शामिल था। जबकि मेरा इस हत्या से कोई लेना देना नहीं था। कमलदीप ने पुलिस को बताया कि ओमी मीणा के भाई और दोस्त मुझे मरवाना चाहते हैं और इस कारण उन लोगों ने रोहित गोदारा से हाथ मिला लिया है। बिंदायका पुलिस ने कहा कि केस दर्ज कर लिया है और अब जांच कर रहे हैं। इससे पहले भी बिंदायका इलाके में रहने वाले एक बड़े कारोबारी से गोल्डी बरार के नाम से पांच करोड़ की मांग की गई थी। कारोबारी का मुंबई में जिप्सम का बड़ा कारोबार है और वह मूल रूप से जयपुर का है।

# डकैती की योजना बना रहे पांच शातिर बदमाश दबोचे

## आरोपियों के कब्जे से चाकू, नकाब, मिर्च पाउडर व रस्सी बरामद



**जयपुर**। विद्याधर नगर पुलिस ने ज्वैलर के यहां डकैती डालने की योजना बना रहे पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हथियारबंद बदमाश बिना नंबर की कार में बैठकर डकैती की प्लानिंग कर रहे थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि डकैती की प्लानिंग बनाते आरोपी राहुल वर्मा (19) पुत्र पूरण चन्द वर्मा निवासी नेहरू नगर पानीपेच, राहुल यादव (27) पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी प्रेम कॉलोनी नेहरू नगर पानीपेच, रिषी (19) पुत्र नवरतन लाल वर्मा निवासी प्रेम कॉलोनी नेहरू नगर पानीपेच, धर्मेश शर्मा उर्फ गुड्डू (26) पुत्र सतीश कुमार शर्मा निवासी सेक्टर-8 विद्याधर नगर और पंकज सिंह (32) पुत्र कमल सिंह चौहान निवासी पंचायती धर्मशाला के पीछे स्टेशन रोड को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि जंगलेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर-7 विद्याधर नगर में सुनसान जगह पर एक कार खड़ी है। कार में हथियारबंद बदमाश डकैती की प्लानिंग बना रहे हैं। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने सूचना पर बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार की घेराबंदी की। कार में बैठे मिले पांचों संदिग्धों को धर-दबोचा। तलाशी में उनके पास 2 चाकू, नकाब, पेचकश, मिर्च पाउडर, रस्सी के टुकडे व 6 मोबाइल मिले। सख्ती से पूछने पर ज्वेलर के यहां डकैती डालने की प्लानिंग करना बताया। पुलिस ने पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

## सिटी पैलेस में कल दिए जाएंगे अवार्ड

**जयपुर**। ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी ऑफ जयपुर की जयंती के अवसर पर प्रतिष्ठित सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2023 वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन 22 अक्टूबर की शाम को सिटी पैलेस के प्रीतम निवास चौक में किया जाएगा। इन पुरस्कारों में 31,000 रूपये नकद, शॉल, एक गंगा जली, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल शामिल है।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिये जाने वाले पुरस्कारों से राजा दूल्हा राय अवॉर्ड-उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए, राजा काकिल देव अवॉर्ड-आर्कटेक्चर एवं हेरिटेज संरक्षण के लिए, राजा पजवन देव अवॉर्ड -मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए; राजा भगवंत दास अवॉर्ड-जयपुर के पारंपरिक शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए; राजा मान सिंह प्रथम अवॉर्ड - बहादुरी के लिए; मिर्जा राजा जय सिंह प्रथम अवॉर्ड-सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा के लिए; मिर्जा राजा राम सिंह प्रथम अवॉर्ड-पारिस्थितिकी संतुलन एवं पर्यावरण में सुधार के लिए; महाराजा विशन सिंह अवॉर्ड-ट्रेवल, टूरिज्म एवं संग्रहालय विकास में उल्लेखनीय कार्य के लिए; महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय अवॉर्ड-एस्ट्रोनॉमी एवं संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में; महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह अवॉर्ड-पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए; महाराजा सवाई माधो सिंह प्रथम अवॉर्ड- राजस्थान की इमेज को भारत और विदेश में विकसित करने और बढ़ाने के लिए; महाराजा सवाई प्रताप सिंह अवॉर्ड-साहित्य-शिक्षा के क्षेत्र में देंगे।

# नर्सेज व पैरामेडिकल स्टॉफ का विरोध प्रदर्शन स्थगित

- **एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन और कर्मचारी समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता में सहमति बनने के बाद प्रदर्शन स्थगित किया गया**
- **वार्ता में अस्पताल परिसर में पार्किंग की सुचारू व्यवस्था के लिए एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया**

**जयपुर**। एस.एम.एस. अस्पताल में पिछले चार दिन से पार्किंग के विवाद को लेकर चल रहा नर्सेज व पैरामेडिकल स्टॉफ का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन के साथ वार्ता में पार्किंग की सुचारू व्यवस्था के लिए सर्व सम्मति से कमेटी का गठन किए जाने के निर्णय के बाद स्थगित कर दिया गया।

सवाई मानसिंह चिकित्सालय कर्मचारी समन्वय समिति के प्रवक्ता राजेश शर्मा ने बताया कि एस.एम.एस. मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य व नियंत्रक के निर्देशानुसार जारी पार्किंग के विवादित आदेश से एस.एम.एस. चिकित्सालय में कार्यरत नर्सेज एवं पैरामेडीकल स्टॉफ का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवें दिन भी चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर दो घण्टे गेट मीटिंग कर जारी रहा।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जयपुर के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह चौधरी ने बताया कि कर्मचारियों के जोरदार विरोध प्रदर्शन के बाद एस.एम.एस. मेडीकल कॉलेज प्रशासन द्वारा कर्मचारी समन्वय समिति के पदाधिकारियों को वार्ता के लिये बुलाया गया। अस्पताल संयोजक रोशन लाल यादव ने बताया कि आज कर्मचारी समन्वय समिति से राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष श्याम सिंह एवं प्यारेलाल चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल की वार्ता प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ राजीव बगरहट्टा तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। वार्ता में अतिरिक्त अधीक्षक एस.एम.एस. चिकित्सालय डॉ. नरेन्द्र सिंह चौहान, आर.एन.ए. जयपुर जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह चौधरी, राजेश शर्मा, रोशन लाल यादव, जे.पी. कस्वां, सतीश यादव, संदीप भूकर, भगवती चौधरी आदि शामिल थे।

प्रदेशाध्यक्ष श्याम सिंह ने बताया कि वार्ता में पार्किंग की सुचारू रूप से व्यवस्था किये जाने के लिए सर्व सम्मति से एक कमेटी के गठन करने का निर्णय लिया गया। कमेटी में दो चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी समन्वय समिति के दो पदाधिकारी शामिल होंगे। तब तक पार्किंग की व्यवस्था पूर्व की भाँति यथावत रहेगी। भविष्य में चिकित्सालय में किसी भी व्यवस्था से संबंधित नीति निर्धारण में कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की राय भी लिये जाने का निर्णय हुआ।

## सार-समाचार

### जंगल में मिला दुर्लभ बिल्ली का बच्चा



झालाना के जंगल में मिले दुर्लभ बिल्ली के बच्चे को सिद्धार्थ ने जयपुर चिड़ियाघर के डॉक्टर अशोक तंवर के सुपुर्द किया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर स्थित झालाना जंगल में एक युवक को दुर्लभ वाइल्ड कैट (जंगली बिल्ली) का बच्चा मिला है। इस बच्चे को युवक ने बुधवार को जयपुर चिड़ियाघर के डॉ. अशोक तंवर को सौंप दिया है। यूक्रेन से वेटरनरी का अध्ययन कर रहे युवक सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि एक दिन पूर्व वह झालाना के जंगलों में सैर के लिए गए थे, जहां शाम ढलने के बाद अचानक झाड़ियों में बिल्ली की आवाज आई। उन्होंने देखा तो बिल्ली का बच्चा झाड़ियों के बीच फंसा हुआ था, वह जब इसे उजाले में लेकर आए तो मालूम चला कि यह दुर्लभ जंगली बिल्ली का बच्चा है। यह वाइल्ड कैट जंगलों में ही रहती है और अत्यंत शर्मीली होने के कारण दिन के समय में किसी के सामने नहीं आती। यह कैट अधिकाशंतः अपना भोजन-पानी भी रात में ही लेती है और किसी अन्य के सामने जाने से डरती है। सिद्धार्थ ने बताया कि इस बिल्ली के बच्चे को वे घर लेकर आए और उसे दूध पिलाया। झाड़ियों में फंसे रहने के कारण यह घायल था, जिसकी मरहम पट्टी की और दूसरे दिन जयपुर चिड़ियाघर के डॉक्टर अशोक तंवर के सुपुर्द किया।

### प्राचार्य और अध्यापकों को अवार्ड दिए




**जयपुर**, (का.सं.)। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवम् कैस्टेलीनो आई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेल्यूट टू कलाम अवार्ड का आयोजन जवाहर कला केंद्र में स्थित सभागार में किया गया। अवार्ड सेरेमनी में 50 विद्यालयों के प्राचार्य, 50 अध्यापकों एवं 90 से अधिक विद्यार्थियों को अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिशप जोसफ कल्लाराक्कल, विशिष्ट अतिथि से.नि. डिप्टी डायरेक्टर डीआरडीओ धर्मपाल, बिशप ओसवाल्ड व ललित शर्मा रहे जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि 200 से अधिक विद्यालयों, कॉलेज आदि में सेल्यूट टू कलाम मेगा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें से प्रदेश के 50 विद्यालयों एवं कॉलेजों को सेल्यूट टू कलाम अवार्ड के लिए चुना गया।

### परेड के लिए रितिका मीणा का चयन



**जयपुर**, (का.सं.)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवँ खेल मंत्रालय (राष्ट्रीय सेवा योजना) की ओर से आयोजित पूर्व राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका रितिका मीणा का चयन हुआ! राष्ट्रीय शिविर के लिए पूरे राजस्थान से 2 लाख 20 हजार स्वयंसेवको में से 58 छात्राओं एवँ 2 अध्यापकों का चयन किया। एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी एवँ समन्वयक डॉ. योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि एल बी एस पीजी महाविद्यालय से रितिका मीणा का चयन हुआ है।

### उत्साहपूर्वक मनाया गया वार्षिकोत्सव

**जयपुर**, (का.सं.)। स्टूडेंट्स द्वारा ऑर्केस्ट्रा, नत्य, नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऑर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुति जेपीआइट्स इन सिम्फनी के साथ हुआ- जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। जिसके बाद यह शानदार कार्यक्रम अलादीन नामक थीम डांस के साथ शुरू हुआ। इस खूबसूरत डांस प्रस्तुति ने दर्शकों को सकारात्मक प्रभावों के प्रति अधिक ग्रहणशील बनने के लिए प्रोत्साहित किया। जेपीआइट्स डांसर्स अपनी आकर्षक और मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को फेयरीटेल की दुनिया में ले गए। यह अवसर था जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल, महापुरा के 11वें वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का, जिसमें अध्यापकों, स्टूडेंट्स और अभिवावकों ने बढ़-चढ़कर और उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। समारोह की शुरूआत में हेड बॉय कविन शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। कल्चरल हेड बॉय, नमन बंसल और कल्चरल हेड गर्ल, प्रांजल शर्मा ने स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेरीवाल की प्रेरक जर्नी पर प्रकाश डाला।

### राजस्थान को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

**जयपुर**। तम्बाकू नियंत्रण एवं रोकथाम की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड शुक्रवार को दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए राजस्थान के प्रयासों को सराहा गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2023 की सभी गतिविधियों में अव्वल रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हेकाली जिमोमी एवं एडिशनल डीडीजी डॉ. एल स्वास्थिचरण ने राजस्थान में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में हुए नवाचारों एवं कोटपा एक्ट के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए राजस्थान को टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया है। स्टेट नोडल ऑफिसर, एनटीसीपी डॉ. एसएन धौलपुरिया एवं एडिशनल एसपीओ श्री नरेंद्र सिंह ने यह अवार्ड प्राप्त किया।

### शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि आज

**जयपुर**। पुलिस के अमर शहीदों की याद में 21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। अति. पुलिस महानिदेशक व आरपीए निदेशक पी रामजी ने बताया कि गार्ड ऑफ़ आनर पुलिस आयुक्तालय जयपुर एवं चौथी व पांचवीं बटालियन आरएसी की टुकड़ी द्वारा दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के एक सितम्बर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नाम का स्मरण किए जाने के बाद 'लास्ट पोस्ट' की धुन बजाई जाएगी। इस अवसर पर एक सेवानिवृत राजपत्रित एवं एक अराजपत्रित पुलिस अधिकारी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करेंगे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था आनन्द श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक जिला मुख्यालय, आरएसी, प्रशिक्षण केन्द्रों व रेंज स्तर पर भी कार्यक्रम होगा।

### कांग्रेस पार्षदों ने मांगी अरोड़ा की टिकट

**जयपुर**। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्षद व पार्षद प्रत्याशियों ने पत्रकारों से रूबरू होकर राजीव अरोड़ा को विधायक का उम्मीदवार बनाने की मांग की है। साथ ही पार्टी को चेतावनी दी है कि अगर अरोड़ा को टिकट नहीं दी गई तो वे कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता व तमाम पदों से इस्तीफा दे देंगे। पत्रकार वार्ता में पार्षद अभिषेक सैनी, राजूला सिंह व राजेश कुमावत के साथ-साथ पार्षद प्रत्याशी रहे हितेष आडवाणी, मोहन स्वामी, अक्षय जैन व दिनेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे।